आकाशवाणी श्री विजयपुरम

दिनांक : 18.11.2025 समय : 0705

<><><><><><><>

- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने छठे रामनाथ गोयनका व्याख्यान में कहा वैश्विक परिस्थितियों के बावजूद भारतीय अर्थव्यवस्था तेजी से वृद्धि कर रही है।
- 16वें वित्त आयोग के अध्यक्ष के नेतृत्व में प्रतिनिधिमंडल ने राष्ट्रपति से भेंट कर 2026–2031 के लिए अपनी रिपोर्ट प्रस्तुत की।
- श्री विजयपुरम में स्वास्थ्य सचिव ने पहली एडवांस लाइफ सपोर्ट एम्बूलेंस को हरी झंडी दिखाई।
- दक्षिण अंडमान जिला उपायुक्त टी बी मुक्त भारत अभियान की 8वीं समीक्षा बैठक की।

<><><><><><><>

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा है कि भारत विकसित और आत्मनिर्भर राष्ट्र बनने की दिशा में तेजी से आगे बढ़ रहा है। नई दिल्ली में आयोजित छठे रामनाथ गोयनका व्याख्यान में संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि इक्कीसवीं सदी के शुरुआती पच्चीस वर्ष चुनौतियों से भरे रहे, फिर भी भारत की गति थमी नहीं। वैश्विक परिस्थितियों के बावजूद भारतीय अर्थव्यवस्था तेज वृद्धि दर्ज कर रही है और देश एक सशक्त भविष्य की ओर बढ़ रहा है। प्रधानमंत्री ने कहा कि भारत केवल एक उभरता हुआ बाजार नहीं है, बल्कि एक उभरता हुआ मॉडल बन चुका है। आज दुनिया भारतीय विकास मॉडल को आशा का प्रतीक मान रही है। बिहार विधानसभा चुनावों का उल्लेख करते हुए उन्होंने बताया कि राज्य में 1951 के बाद सबसे अधिक मतदान दर्ज किया गया है। प्रधानमंत्री ने कहा कि केंद्र और विभिन्न दलों द्वारा संचालित सभी राज्य सरकारों का मुख्य लक्ष्य केवल विकास होना चाहिए। उन्होंने राज्यों को निवेश आकर्षित करने और विकास को बढ़ावा देने के लिए स्वस्थ प्रतिस्पर्धा की भावना अपनाने का आग्रह किया। उन्होंने सुझाव दिया कि ईज ऑफ डूइंग बिजनेस में सुधार के लिए प्रतियोगिताओं का आयोजन एक प्रभावी कदम हो सकता है। यहां प्रस्तुत विचार भारत के विकास पथ को और मजबूत करने की दिशा में सरकार की प्रतिबद्धता को रेखांकित करते हैं।

<><><><><><><>

16वें वित्त आयोग के अध्यक्ष डॉ. अरविंद पनगढ़िया के नेतृत्व में आयोग के सदस्यों ने कल राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू से मुलाकात की। एक सोशल मीडिया पोस्ट में, अध्यक्ष मुर्मू ने बताया कि बैठक के दौरान, आयोग ने 2026–2031 के लिए अपनी रिपोर्ट प्रस्तुत की। संविधान के अनुच्छेद 280 के खंड (1) के

अनुसरण में राष्ट्रपति द्वारा सोलहवें वित्त आयोग का गठन किया गया था। वित्त मंत्रालय ने कहा कि अपने कार्यकाल के दौरान,सोलहवें वित्त आयोग ने केंद्र और राज्यों के वित्त का विस्तृत विश्लेषण किया और केंद्र सरकार, राज्य सरकारों, विभिन्न स्तरों पर स्थानीय सरकारों और अन्य क्षेत्र विशेषज्ञों के साथ व्यापक परामर्श के बाद एक रिपोर्ट तैयार की है। मंत्रालय ने बताया कि भारत के संविधान के अनुच्छेद 281 के तहत केंद्रीय वित्त मंत्री द्वारा संसद में प्रस्तुत किए जाने के बाद यह रिपोर्ट सार्वजनिक डोमेन में उपलब्ध होगी। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आयोग के अध्यक्ष डॉ. अरविंद पनगढ़िया के नेतृत्व में 16वें वित्त आयोग के सदस्यों के एक प्रतिनिधिमंडल से मुलाकात की। आयोग के अध्यक्ष डॉ. अरविंद पनगढ़िया के नेतृत्व में 16वें वित्त आयोग के सदस्यों के एक प्रतिनिधिमंडल से मुलाकात की।

<><><><><><>

सचिवालय प्रशिक्षण एवं प्रबंधन संस्थान, नई दिल्ली के सहयोग से टैगोर राजकीय शिक्षा महाविद्यालय में सतर्कता और अनुशासनात्मक कार्यवाही सहित आर टी आई पर पांच दिवसीय कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन सहायक सचिव शैलजा ने किया। इस प्रशिक्षण का उद्देश्य ए सी सी स्टाफ को प्रशासनिक कार्यों में और अधिक सक्षम बनाना था।

<><><><><><>

एक भारत श्रेष्ठ भारत पहल के तहत झारखंड स्थापना दिवस पर राज निवास में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर झारखंड से जुड़े लोगों ने अपने–अपने अनुभव साझा किए। कार्यक्रम में समूह फोटो और स्मृति चिह्न वितरित किए गए। इस अवसर पर एक लघु वृत्त चित्र का भी आयोजन किया गया।

<><><><><><>

प्रशासन की पहली लाइफ सपोर्ट एम्बुलेंस को स्वास्थ्य सचिव ऋचा ने राष्ट्रीय स्मारक सेल्यूलर जेल से हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। यह एम्बुलेंस जी बी पंत अस्पताल को सौंपी गई है, जो गंभीर रूप से पीड़ित मरीजों को एयरपोर्ट से लाने–ले–जाने का काम करेगी। स्वास्थ्य विभाग ने इस कार्य के लिए प्रशासन का आभार व्यक्त किया।

<><><><><><>

टी बी मुक्त भारत की आठवीं समीक्षा बैठक दक्षिण अंडमान जिला उपायुक्त के सम्मेलन कक्ष में आयोजित की गई। बैठक के दौरान जिला उपायुक्त अर्जुन शर्मा ने टी बी उन्मूलन गतिविधियों की प्रगति

की समीक्षा की और कम एक्स–रे जांच दर पर चिंता जाहिर की। उन्होंने जनता को आयोजित होने वाले निशुल्क एक्स–रे जांच शिविरों में भाग लेने के लिए प्रोत्साहित किया।

<><><><><><>

विश्व निमोनिया दिवस और राष्ट्रीय नवजात शिशु सप्ताह के अवसर पर स्वास्थ्य विभाग और केन्द्रशासित स्वास्थ्य अभियान की ओर से विम्बर्लीगंज में स्वास्थ्य जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। पंचायत पंचायत सदस्य मरियम बीबी ने टीकाकरण के महत्व पर जोर दिया। कार्यक्रम में विद्यार्थियों और आंगनवाड़ी केन्द्रों ने भाग लिया।

<><><><><><>

सरस आजीविका मेला के तहत प्रदर्शनी मैदान में कल और 20 नवम्बर को हेल्दी बेबी शो और फ्लावर शो का आयोजन किया जाएगा। हेल्दी बेबी शो में तीन आयु वर्ग निर्धारित किए गए हैं, जबकि फ्लावर शो में फूलों की विभिन्न श्रेणियों में प्रतियोगिताओं के आयोजन होंगे।

इस बीच, चल रहे मेले के दौरान विभिन्न स्वयं सहायता समूह और संस्था द्वारा लोकनृत्य और सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए गए। पिछले दिन की साढ़े चार लाख से अधिक बिक्री के बाद चौंथे दिन में भी खरीददारी के लिए उत्साह देखने को मिला। पश्चिम बंगाल स्टॉल ने प्रदर्शनी मे ंसबसे अच्छा प्रदर्शन किया।

<><><><><><>

राष्ट्रीय तम्बाकू नियंत्रण कार्यक्रम और राज्य स्वास्थ्य समिति की ओर से तम्बाकू मुक्त युवा अभियान 3.0 के तहत पोस्टर मेकिंग और निबंध लेखन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता का उद्देश्य तम्बाकू मुक्त युवा मजबूत राष्ट्र था। विभिन्न प्रतियोगिताओं के विजेताओं को नकद पुरस्कार प्रदान किए गए।

<><><><><><>

नशामुक्त भारत अभियान की पांचवीं वर्षगांठ आज मन्नारघाट ग्राम पंचायत मे मनाई जाएगी। ग्राम पंचायत और आस–पास के क्षेत्रों में सभी नागरिकों को आमंत्रित किया गया है। अभियान को लोकप्रिय बनाने के लिए एक ई–प्रतिज्ञा क्यू आर कोड भी उपलब्ध कराया गया है, जिसे स्कैन कर लोग नशा मुक्त समाज के निर्माण का संकल्प ले सकते हैं।

<><><><><><>

कला और खेल आधारित शिक्षण पर शिक्षा सदन में चार दिवसीय क्षमता निर्माण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम को शिक्षा के क्षेत्रीय संस्थान भुवनेश्वर द्वारा आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य नवीन शिक्षण प्रणालियों से अवगत कराना था। राज्य शिक्षा संस्थान की प्राचार्या संगीता चंद ने कार्यक्रम का उद्घाटन किया।

<><><><><><><>

विभिन्न खेलों की जिला और राज्य स्तरीय प्रतियोगिताएं बाईस नवम्बर से 7 दिसम्बर तक आयोजित की जाएंगी। इस प्रतियोगिता में आयोजित होने वाले खेल जैसे तैराकी, टेबल टेनिस, बैडमिन्टन, बास्केट बॉल की तिथियां जारी कर दी गई है। खिलाड़ी अपने पंजीकरण गूगल फार्म के माध्यम से कर सकते हैं।

<><><><><><><>

विशेष गहन पुनरीक्षण अभियाान के तहत सभी मतदाताओं से बूथ स्तरीय अधिकारियों द्वारा वितरित पूर्व क्षेत्र गणना फार्म तत्काल जमा करने को कहा गया हैं, ताकि उनके नाम 9 दिसम्बर को प्रकाशित होने वाली ड्राफ्ट मतदाता सूची में शामिल हो सके।

<><><><><><><>

नागरिक आपूर्ति विभाग ने कहा है कि डिगलीपुर स्थित उचित मूल्य की दुकान नम्बर 470 को पहली नवम्बर से निरस्त कर दिया गया है। इस दुकान से जुड़े सभी राशन कार्डों को दुकान नम्बर 602 में स्थानांतरित कर दिया गया है।

<><><><><><><>